

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I$^{st}$ ग्रेड) | REET (I, II Level)



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 11 December 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 11 दिसंबर का इतिहास

- **1687 :** ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (भारत) में नगर निगम बनाया।
- **1946 :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- **1964 :** संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ की स्थापना हुई।
- **2014 :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिसकी पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में रखकर की जिसकी स्वीकृति संयुक्त राष्ट्र ने दे दी।

## 11 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारती एयरटेल और मेटा ने भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का समर्थन करने के लिए अपने सहयोग की घोषणा की। भारत में 2 अफ्रीका पर्ल्स लाने के लिए एयरटेल ने मेटा और एसटीसी के साथ साझेदारी की है जो देश के बुनियादी ढांचे में सुधार के अपने चल रहे प्रयास के हिस्से के रूप में है। एयरटेल वर्तमान में हरियाणा राज्य में चुनिंदा साइटों पर 4जी ओर 5ही ओपन आरएएन समाधानों के लिए परीक्षण कर रहा है और अगली कुछ तिमाहियों में भारत में कई स्थानों पर इस समाधान को व्यावसायिक रूप से तैनात करेगा।
- भारत सरकार के स्वामित्व वाली दो रक्षा कंपनियों हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने दुनिया की 100 शीर्ष रक्षा कंपनियों की सूची में शामिल किया है।
- विश्व बैंक की रिपोर्ट माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ के अनुसार भारत को 2022 में प्रेषण के रूप में 2021 की तुलना में 12% की वृद्धि के साथ 100 बिलियन डॉलर प्राप्त होने की उम्मीद है। 2021 में भारत को प्रेषण में 89.4 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए थे। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है जिसे विदेशों में प्रवासी कामगारों से 100 अरब डॉलर का प्रेषण प्राप्त हुआ है।
- अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने राजस्थान के जैसलमेंर में 450 मेगावाट की क्षमता वाले तीसरे हाइब्रिड पावर प्लांट को शुरू कर दिया है। इसके बाद एजीईएल 1440 मेगावाट की परिचालन क्षमता के साथ दुनिया की सबसे बड़ी विंड-सोलर हाइब्रिड पावर उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी की और से जारी बयान में कहा गया कि जैसलमेंर में कंपनी द्वारा शुरू किया गया ये तीसरा विंड सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की। गवर्नर शक्तिकांत दास को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। मुद्रास्फीति को मौजूदा स्तर से नीचे लाने के लिए यह बढ़ोतरी की गई है। इसके तहत रेपो रेट में 35 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की गई है। इससे वर्तमान रेपो रेट 5.90 से बढ़कर 6.25% पर पहुंच गई है।
- टाइम मैगजीन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ-साथ स्प्रिट ऑफ यूक्रेन को साल 2022 का पर्सन ऑफ द ईयर घोषित किया है। ये अवॉर्ड उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने पिछले 12 महीनों में वैश्विक घटनाओं पर सबसे अधिक प्रभाव डाला हो।
- मौसम विभाग ने दक्षिण के राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। IMD की माने तो दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ निम्न दबाव का क्षेत्र अब गहरे निम्न दबाव तेज हो गया है, जिसके कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी में भारी बारीश हो सकती है।
- लद्दाख चांगथांग क्षेत्र के हनले गांव में भारत का पहला डार्क नाइट स्काई रिजर्व बनाने के लिए तैयार है। हैनली में लगभग अठारह स्थानों पर तारों को देखने के लिए शक्तिशाली दूरबीनें स्थापित की जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन ने हैनले गांव के प्रशिक्षित युवाओं को अठारह टेलीस्कोप बांटे है। 4500 मीटर की ऊंचाई पर हैनली भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान द्वारा 2001 में स्थापित दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे ऑप्टिकल टेलीस्कोप का घर है।
- हैदराबाद स्थित स्टार्टअप, ओपनक्यूब टेक्नोलॉजीज के प्रौद्योगिकी समर्थन के साथ गोल्ड्सिका ने बेगमपेट में अपना पहला गोल्ड एटीएम लॉन्च किया है। और इसे भारत का पहला गोल्ड एटीएम और दुनिया का पहला रियल टाइम गोल्ड एटीएम बताया है। सोना खरीदने और बेचने का कारोबार करने वाली गोल्डसिक्का कंपनी द्वारा लगाया गया यह एटीएम सोने के सिक्के देता है। गोल्ड एटीएम के जरिए लोग अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड से सोने के सिक्के खरीद सकते है।
- भारत सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम को एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के माध्यम से अपने अधिशेष फंड के 15 प्रतिशत तक इक्विटी में निवेश करने की अनुमति दी हैं नई दिल्ली में निगम के मुख्यालय में केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- भारत पर आधारित फ्रीडम एट मिडनाइट और सिटी ऑफ जॉय जैसे प्रसिद्ध पुस्तकों के सह-लेखक डॉमिनिक लैपिएरे का निधन हो गया।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. यूनिसेफ स्थापना दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 दिसंबर (B) 12 दिसंबर
(C) 13 दिसंबर (D) 14 दिसंबर


**(A)** हर साल दुनिया भर में 11 दिसंबर को यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के रूप में यूनिसेफ बनाया। जिसमें की द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आपूर्ति, सहायता और स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बच्चों के सामान्य कल्याण में सुधार के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया था।




**2. अंतर्राष्ट्रीय पर्वतीय दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 9 दिसंबर (B) 10 दिसंबर
(C) 11 दिसंबर (D) 13 दिसंबर

**(C)** अंतर्राष्ट्रीय पर्वतीय दिवस हर साल 11 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य पहाड़ों के संरक्षण और सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। संयुक्त राष्ट्र ने पहाड़ों के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के जवाब में 2002 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय पर्वत वर्ष घोषित किया।




**3. विश्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के अपने पूर्वानुमान को कितने प्रतिशत तक अपग्रेड किया ?**

(A) 6.5% (B) 6.9%
(C) 7.2% (D) 8.8%

**(B)** विश्व बैंक ने चालू वित वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने जारी भारत से संबंधित अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका, यूरो क्षेत्र और चीन के घटनाक्रमों का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है।




**4. हाल ही में SBI ने 2022-23 में कितने करोड़ रूपये का इंफ्रास्ट्रक्वर बांड जारी करने की घोषणा की ?**

(A) 1000 करोड़ रूपये (B) 10000 करोड़ रूपये
(C) 11000 करोड़ रूपये (D) 16000 करोड़ रूपये

**(B)** भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक के बोर्ड ने 2022-23 के दौरान इंफ्रास्ट्रक्टचर बॉन्ड जारी करके 10000 करोड़ रूपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा कि वह 2022-23 के दौरान पब्लिक इश्यू या प्राइवेट प्लेटसमेंट के जरिए 10000 करोड़ रूपये तक के इंफ्रास्ट्रक्चर बान्ड जारी करेगा।




**5. हाल ही में किस खिलाड़ी ने कोलंबिया में आयोजित वेटलिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 में सिल्वर मेडल जीता है ?**

(A) सुखन डे (B) गणेश माली
(C) मीराबाई चानू (D) खुमुकचम संजीता चानू

**(C)** हाल ही में मीराबाई चानू ने कोलंबिया में आयोजित वेटलिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 में सिल्वर मेडल जीता है। महिलाओं की 49 किग्रा में मीराबाई चानू ने 200 किग्रा का कुल भार उठाया था, जिसकी वजह से वह वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दूसरा पदक हासिल करने में सफल हुई। विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई का यह दूसरा पदक है।




काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

**6. BBC की 100 प्रभावशाली महिलाओं की सूची में कितनी भारतीय महिला को शामिल किया गया है ?**

(A) 4 (B) 7
(C) 9 (D) 11

**(A)** BBC की 100 प्रभावशाली महिलाओं की सूची में चार भारतीय महिला को शामिल किया गया है। इस सूची में अभिनेत्री ओर फिल्म निर्माता प्रियंका चोपड़ा, जोनस, एविएशन इंजीनियर सिरिशा बांदला, बुकर अवार्ड विनर लेखिका गीतांजलि श्री और सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहा जावाले शामिल है।



**7. हाल ही में किस फिल्म ने 75 क्रिएटिव माइंड्स के लिए 53 घंटों का चैलेंज जीता ?**

(A) बाहुबली (B) डियर डायरी
(C) कृष्णा (D) मणिकर्णिका


**(B)** हाल ही में एक प्रतियोगिता में पूरे भारत से चुने गए 75 रचनात्मक दिमागों को केवल 53 घंटों में भारत @ 100 के अपने विचार पर एक लघु फिल्म बनाने की चुनौती प्रदान की। इस प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा शॉर्ट्स टीवी के सहयोग से किया गया था।



**8. हाल ही में किस बैंक ने अटल पेंशन योजना के तहत महत्वपूर्ण नामांकन के लिए पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया ?**

(A) बैंक ऑफ बड़ौदा (B) बैंक ऑफ महाराष्ट्र
(C) कर्नाटका बैंक (D) कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक

**(D)** हाल ही में कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक ने अटल पेंशन योजना के तहत महत्वपूर्ण नामांकन के लिए पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। अब तक बैंक ने अटल पेंशन योजना के तहत 3,34,687 खातों को नामांकित किया है। 2022-23 के दौरान बैंक ने 50,320 के लक्ष्य के मुकाबले 69,132 खातों को नामांकित किया।




**9. हाल ही में कितनी भारतीय मूल की महिला वैज्ञानिको को ऑस्ट्रेलिया की STEM की सुपरस्टार में शामिल किया गया ?**

(A) दो (B) तीन
(C) पांच (D) आठ


**(B)** हाल ही में 60 वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, इंजीनियरों और गणितज्ञों में से तीन भारतीय मूल की महिलाएं हैं, जिन्हें एसटीईएम के ऑस्ट्रेलिया के सुपरस्टार के रूप में चुना गया है। यह एक पहल है जिसका उद्देश्य वैज्ञानिकों के बारे में समाज की लैंगिक धारणाओं को तोड़ना और महिलाओं ओर गैर-बाइनरी लोगों की सार्वजनिक दृश्यता में वृद्धि करना है।



**10. हाल ही में किस ईरानी फिल्म ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 53वें संस्करण में ICFT यूनेस्को गांधी पदक जीता ?**

(A) नारगेसी (B) सार्जेसी
(C) वार्गेसि (D) लार्गेसि

**(A)** ईरानी फिल्म नारगेसी ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 53वें संस्करण में आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी पदक जीता है, जो एक ऐसी फिल्म के लिए दिया गया है जो महात्मा गांधी के शांति, सहिष्णुता और अहिंसा के आदर्शों को दर्शाती है। इस फिल्म का निर्देशन पायम असकंदरी ने किया है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज